समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सोना 8 मई 2025 को सस्ता हुआ या फिर महंगा ? जाने आज क्या है आपके शहर के लेटेस्ट रेट्स।

Publisher Published on 08 May 2025



## एमसीएक्स पर सोना 0.09 प्रतिशत उछलकर 97,180 रुपये के हिसाब से बिक रहा है, जबकि चांदी 0.54 प्रतिशत गिरकर 96,254 रुपये प्रति किलो बिक रही है.

अमेरिकी केन्द्रीय बैंक यूएस फेडरल की तरफ से ब्याज दरों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं करने के बाजजूद सोने के दाम में इजाफा हुआ है. निवेशकों के लिए अभी भी निवेश के लिहाज से यही अब भी सुरक्षित पंसद माना जा रहा है. मुंबई में 22 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 90,900 रुपये पर कारोबार कर रहा है. जबकि 24 कैरेट सोना 99,150 रुपये की दर से बिक रहा है.

अगर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में 100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है और ये 99,100 रुपये प्रति किलो के हिसाबसे बिक रही है. एमसीएक्स पर सोना 0.09 प्रतिशत उछलकर 97,180 रुपये के हिसाब से बिक रहा है, जबकि चांदी 0.54 प्रतिशत गिरकर 96,254 रुपये प्रति किलो बिक रही है. गौरतलब है कि अमेरिकी मंदी का खतरा और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 23 अप्रैल को सोना ऐतिहासिक एक लाख रुपये को पहली बार पार कर गया था.

आइये जानते हैं आपके शहर के क्या भाव चल रहे हैं-
जयपुर में 22 कैरेट सोना 90,900 रुपये जबकि अमदाबाद में 90,810 रुपये, पटना में 90,810 रुपये, मुंबई में 90,900 रुपये, हैदराबाद में 90,900 रुपये, चेन्नई में 90,900 रुपये, बेंगलुरू में 90,900 रुपये और कोलकाता में भी 90,900 रुपये की दर से सोना बिक रहा है. गुडरिटर्न्स वेबसाइट के मुताबिक, चांदी के दाम में 100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है और ये प्रति किलो 99,100 रुपये की दर से मुंबई मे बिक रही है.

एक दिन पहले एक लाख पार सोना

एक दिन पहले बुधवार को दिल्ली में सोना का भाव 1000 रुपये महंगा होकर प्रति 10 ग्राम 1,00,000 रुपये को पार कर गया. अखिल भातीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का मंगलवार को बंद भाव 99,750 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो एक दिन बाद यानी बुधवार को 1,000 रुपये चढ़कर 1 लाख 770 रुपये हो गया.

इसी तरह से 99.5% प्योरिटी वाले सोने के दाम में बुधवार को 1,50 रुपये का इजाफा हुआ. इसके बाद यह प्रति 10 ग्राम 1,00,350 रुपये की दर से बिका रहा था. इससे पहले 22 अप्रैल को सोने के दाम में 1800 रुपये का जबरदस्त इजाफा हुआ था और ऐतिहासिक रिकॉर्ड को छूते हुए सोना प्रति दस ग्राम 1,01,600 रुपये के भाव पर कारोबार किया था.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.